-----------------------------------------------------------------------------------------------

**प्रेस विज्ञप्ति**

## 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मण्डल ने 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए बैंक के लेखों का आज अनुमोदन किया है.

### वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के मुख्य बिन्दु

1. **सशक्त वित्तीय कार्यनिष्पादन:**
   वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक के निवल लाभ में वर्ष दर वर्ष आधार पर 90.00% की वृद्धि हुई है. वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के दौरान बैंक के निवल ब्याज आय में वर्ष दर वर्ष आधार पर 9.89% की वृद्धि हुई है.
2. **बैंक ने सशक्त देयता अंश दर्शाना जारी रखा है**
   कासा जमाराशि में वर्ष दर वर्ष 4.45% की वृद्धि हुई है. 30 सितंबर, 2023 तक बैंक के पास कुल जमाराशि आधार ₹ 11,37,628 करोड़ है.
3. **कारोबार संवृद्धि में गति**
   बैंक के कुल कारोबार में वर्ष दर वर्ष 9.24% की वृद्धि हुई है, जिसमें सकल अग्रिमों में वर्ष दर वर्ष आधार पर 9.50 % की वृद्धि हुई है और कुल जमाराशि में वर्ष दर वर्ष आधार पर 9.04 % की वृद्धि हुई है. 30 सितंबर, 2023 तक बैंक का कुल कारोबार ₹ 19,84,842 करोड़ है.
4. **रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (रैम) क्षेत्र में ऋण**
   बैंक के रैम क्षेत्र में वर्ष दर वर्ष आधार पर 14.62 % की वृद्धि हुई है, जहां वर्ष दर वर्ष आधार पर रिटेल में 14.68 % की वृद्धि, कृषि में 15.04% की वृद्धि और एमएसएमई अग्रिमों में 14.03 % की वृद्धि हुई है. घरेलू अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, रैम अग्रिम 56.92% है.
5. **एनपीए में कमी: -**
   30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में कुल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 207 बीपीएस की गिरावट के साथ 6.38 % रहा तथा निवल एनपीए (%) वर्ष दर वर्ष आधार पर 134 बीपीएस की गिरावट के साथ 1.30 % रहा है.
6. **पूंजी अनुपात में सुधार**
   30.09.2022 को समाप्त तिमाही में सीआरएआर, 14.50 % के सापेक्ष दिनांक 30.09.2023 को सुधार के साथ 16.69 % रहा. सीईटी 1 अनुपात दिनांक 30.09.2022 के 10.67 % के सापेक्ष 30.09.2023 को सुधार के साथ 13.05 % रहा.
7. **प्रतिलाभ में सुधार:**

   बैंक का आस्तियों & इक्विटी पर प्रतिलाभ सुधार के साथ 1.07% & 17.97% क्रमशः रहा.

Classification: Internal

## परिणाम की मुख्य विशेषताएँ

| ₹ करोड़ में | वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमाही % | वित्तीय वर्ष 23 की पहली छमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली छमाही | वर्ष दर वर्ष % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्याज आय | 19,682 | 23,478 | 24,587 | 24.92 | 4.72 | 37,856 | 48,065 | 26.97 |
| ब्याज व्यय | 11,377 | 14,638 | 15,461 | 35.90 | 5.62 | 21,969 | 30,099 | 37.01 |
| शुद्ध ब्याज आय | 8,305 | 8,840 | 9,126 | 9.89 | 3.24 | 15,887 | 17,966 | 13.09 |
| गैर-ब्याज आय | 3,276 | 3,903 | 3,695 | 12.79 | -5.33 | 6,093 | 7,598 | 24.71 |
| एनआईएम% | 3.15 | 3.13 | 3.18 | 3 bps | 5 bps | 3.06 | 3.14 | 8 bps |
| परिचालन लाभ | 6,577 | 7,179 | 7,221 | 9.79 | 0.58 | 12,025 | 14,400 | 19.76 |
| कुल प्रावधान | 4,729 | 3,943 | 3,709 | -21.57 | -5.92 | 8,618 | 7,652 | -11.21 |
| कर के पश्चात लाभ | 1,848 | 3,236 | 3,511 | 90.00 | 8.50 | 3,406 | 6,748 | 98.11 |

| ₹ (करोड़ में) | वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तिमाही | वर्ष दर वर्ष% | तिमाही दर तिमादी % |
|---|---|---|---|---|---|
| **तुलन पत्र** | | | | | |
| वैश्विक अग्रिम | 7,73,690 | 8,18,457 | 8,47,214 | 9.50 | 3.51 |
| घरेलू अग्रिम | *7,52,469* | *7,93,448* | *8,21,437* | *9.17* | *3.53* |
| जिसमें से रिटेल | *1,46,715* | *1,62,373* | *1,68,256* | *14.68* | *3.62* |
| कृषि | *1,43,874* | *1,53,615* | *1,65,506* | *15.04* | *7.74* |
| एमएसएमई | *1,17,354* | *1,27,745* | *1,33,822* | *14.03* | *4.76* |
| रैम अग्रिम | *4,07,943* | *4,43,733* | *4,67,584* | *14.62* | *5.38* |
| जमाराशि | 10,43,265 | 11,28,052 | 11,37,628 | 9.04 | 0.85 |
| जिसमें से कासा | *3,71,697* | *3,85,084* | *3,88,229* | 4.45 | 0.82 |
| रिटेल मियादी जमाराशि(<2 करोड़) | *4,37,866* | *4,36,386* | *4,43,274* | *1.24* | *1.58* |
| कासा अनुपात (%) | 35.64 | *34.60* | *34.66* | *-98 bps* | *6 bps* |
| जीएनपीए | 65,391 | 60,104 | 54,012 | -17.40 | -10.14 |
| एनएनपीए | 19,193 | 12,138 | 10,421 | -45.70 | -14.15 |

| अनुपात (%) | वित्तीय वर्ष 23 की दूसरी तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही | वित्तीय वर्ष 24 की दूसरी तिमाही | वर्ष दर वर्ष बीपीएस | तिमाही दर तिमाही बीपीएस |
|---|---|---|---|---|---|
| **आस्ति गुणवत्ता** | | | | | |
| जीएनपीए | 8.45 | 7.34 | 6.38 | -207 | -96 |
| एनएनपीए | 2.64 | 1.58 | 1.30 | -134 | -28 |
| पीसीआर | 86.61 | 90.86 | 92.03 | 542 | 117 |
| टीपीसीआर | 70.65 | 79.80 | 80.71 | 1006 | 91 |
| क्रेडिट लागत | 1.50 | 0.97 | 0.81 | -69 | -16 |
| | | | | | |
| सीईटी-1 अनुपात | 10.67 | 12.34 | 13.05 | 238 | 71 |
| टियर-1 अनुपात | 12.26 | 13.86 | 14.57 | 231 | 71 |
| सीआरएआर | 14.50 | 15.95 | 16.69 | 219 | 74 |

**नेटवर्क:**

- 8,521 शाखाएँ, विदेशी शाखाओं सहित
- 10,013 एटीएम
- 18,018 बीसी पॉइंट्स
- 135 एमएलपी (एमएसएमई ऋण केंद्र)
- 159 आरएलपी (रिटेल ऋण केंद्र)

- 48 एएलपी ( कृषि ऋण केंद्र )
- 105 एमएसएमई फ़र्स्ट, शाखाएं
- 1,685 गोल्ड ऋण केंद्र
- 19 लार्ज कॉर्पोरेट शाखाएं एवं 40 मिड कॉर्पोरेट शाखाएं
- 9 एसएएमबी एवं 29 एआरबी

**वित्तीय समावेशन योजनाएं:**

सरकार समर्थित योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना और अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत सरकार द्वारा शुरू की गई वित्तीय समावेशन योजनाओं का उद्देश्य बाधाओं को खत्म करना और समाज के निम्न आय वर्ग वालों को आर्थिक मूल्य वाली वित्तीय सेवाओं को प्रदान करना है.

- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित जीवन बीमा योजना है जिसमें 30 सितंबर, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 3.51 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई):**
  यह एक सरकार समर्थित दुर्घटना बीमा योजना है, जिसमें 30 सितंबर, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 28.37 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई):**
  हमारे बैंक ने 30.09.2023 की समाप्त तिमाही तक पीएमजेडीवाई योजना के अंतर्गत ₹ 9,286 करोड़ की राशि के कुल 2.87 करोड़ खाते खोले हैं. 30 सितंबर, 2022 की समाप्त तिमाही तक ₹ 7,934 करोड़ की राशि के कुल 2.82 करोड़ खाते खोले गए थे.

- **अटल पेंशन योजना (एपीवाई):**
  एपीवाई एक पेंशन योजना है, जो मुख्य रूप से असंगठित क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों पर लक्षित है तथा 30 सितंबर, 2023 की समाप्त तिमाही में बैंक द्वारा 2.18 लाख नए नामांकन किए गए हैं.

- **महिला उद्यमियों के लिए यूनियन नारी शक्ति:**
  वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही के दौरान ₹ 1,376 करोड़ के 12,812 आवेदन मंजूर किए गए.

- **हरित पहल की ओर ऋण सुविधा: -**
  1) **नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र: -** 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही तक ₹ 22,998 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.
  2) **यूनियन ग्रीन माइल्स: -** 30 सितंबर, 2023 को समाप्त तिमाही तक ₹ 316 करोड़ की ऋण राशि मंजूर की गई.

दिनांक: 27 अक्टूबर, 2023
स्थान: मुंबई